


मूल्य - 5 रु.

# तारांशु

मासिक
जून - जुलाई 2021
वर्ष 9, अंक 1, पृ.सं. 20

## अन्नदान योजना :

### कोरोना महामारी में प्रभावित निर्धन परिवारों को राशन सहायता

# नवीन ''ओमदीप आनन्द वृद्धाश्रम''

## के निर्माण हेतु योगदान योजना



जब किसी काम को करने में बहुत से हाथ जुड़ जाते हैं तो वो काम आसान तो होता ही है साथ में पवित्र भी हो जाता है। एक पावन कार्य के स्वरूप में तारा संस्थान **''ओमदीप आनन्द वृद्धाश्रम''** का निर्माण करने जा रहा है और इसमें आप सबका सहयोग भी मिले तो बेहद खुशी होगी। आपके दान को स्मृति स्वरूप भवन पर आपके नाम या आपकी इच्छानुसार किन्हीं परिजनों के नाम के रूप में अंकित किया जाएगा। आशा है कि छोटी सी ही सही एक आहूति आपकी भी इस भवन के लिए होगी।

**भवन निर्माण सौजन्य राशि :**

| | |
|---|---|
| **भवन निर्माण सहयोगी ''दधीचि''** | **रु. 1,00,000/-** |
| **भवन निर्माण सहयोगी ''कर्ण''** | **रु. 51,000/-** |
| **भवन निर्माण सहयोगी ''भामाशाह''** | **रु. 21,000/-** |



प्रतिज्ञा करो कि मुझे खुशी को नहीं छोड़ना है।

''तारा संस्थान, उदयपुर'' राजस्थान रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र क्रमांक:
31/उदयपुर/2009-10 दिनांक 25 जून, 2009 द्वारा पंजीकृत है।

आशीर्वाद
**डॉ. कैलाश 'मानव'**
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट), उदयपुर

आभार
**श्रीमती पुष्पा - श्री एन.पी. भार्गव**
मुख्य संरक्षक, तारा संस्थान,
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

**संरक्षक मण्डल**

**श्रीमती शमा - श्री रमेश सचदेवा**
दिल्ली

**श्रीमती दीपा - श्री ओमप्रकाश मल्होत्रा**
फरीदाबाद

**श्रीमती सुषमा - श्री सत्यभूषण जैन**
दिल्ली

**डॉ. जे.पी. शर्मा**
दिल्ली

**श्रीमती प्रेम निझावन**
दिल्ली

**श्रीमती सुमन - श्री अनिल गुप्ता (ISKCON)**
दिल्ली

**श्री ओ.सी. जैन**
रतलाम (म.प्र.)

**श्रीमती राजरानी - श्री राजेन्द्र कुमार जैन**
दिल्ली

**श्री प्रताप सिंह तलेसरा**
उदयपुर

प्रकाशक एवं सम्पादक
**कल्पना गोयल**

दिग्दर्शक
**दीपेश मित्तल**

कार्यकारी सम्पादक
**तख्त सिंह राव**

ले-आउट व ग्राफिक डिजाइनर
**गौरव अग्रवाल**

तारांशु - वर्ष 9, अंक - 1, जून - जुलाई 2021

# अनुक्रमणिका

| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| नवीन ''ओमदीप आनन्द वृद्धाश्रम'' के निर्माण हेतु योगदान योजना | 02 |
| अनुक्रमणिका | 03 |
| लेख : 1 अपने हिस्से का काम | 04-05 |
| आवरण कथा : अन्नदान योजना | 06-10 |
| टाटा ग्रुप कंपनी उचित एक्सप्रेसवे प्रा. लि. | 11 |
| श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम / गौरी योजना / तृप्ति योजना / तारा नेत्रालय | 12 |
| तारा नेत्रालय : मुम्बई के ख्यात डॉक्टर्स द्वारा रेटिना ( आँखों के पर्दे ) परामर्श | 13 |
| ओमदीप आनन्द वृद्धाश्रम निर्माण की प्रगति रिपोर्ट | 14 |
| न्यूज ब्रीफ | 15-16 |
| नेत्रालय मासिक अपडेट्स | 17 |
| धन्यवाद / अभिनन्दन / हार्दिक श्रद्धांजलि | 18 |
| सम्पर्क सूत्र - तारा संस्थान | 19 |

## आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव' संस्थापक - नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर



श्रीमती कल्पना गोयल ( दाएं ) अपने पूज्य पिता डॉ. कैलाश ''मानव'' तथा श्रीमती कमला देवी अग्रवाल की सन्निधि में

'तारांशु' – स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240–ए, हिरण मगरी, सेक्टर – 6, उदयपुर (राज.) 313002 से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच – III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन – II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में मुद्रित, सम्पादक – श्रीमती कल्पना गोयल



अन्नदान योजना में वितरीत सामग्री ले जाते कुछ लाभार्थी

# अपने हिस्से का काम

बीते एक दो महीने हम सब की जिन्दगी में हादसे की तरह निकले हैं। कई साल बाद आगे जाकर हमसे कोई पूछेगा कि जिन्दगी का कुछ समय जो आप जीवन से निकाल देना चाहें तो सबका जवाब ये ही एक दो साल होंगे और विशेषकर ये दो तीन महीने होंगे क्योंकि मुझे नहीं लगता कि कोराना होगा तो भी इससे बुरा दौर कोई आएगा। हर किसी के अपने बीमार थे हर किसी के अपने मर रहे थे और सबसे बड़ी बात कि कोई बहुत अपना चाहकर भी अपनों की मदद नहीं कर रहा था। शमशान में जहाँ एक व्यक्ति के शव के साथ पूरा समाज खड़ा होता था वहाँ चार कंधे भी नहीं मिल रहे थे, पत्थर बनी आँखों में आंसू भी सूख गए थे।

लेकिन इन सब के बीच उम्मीद भी झलक रही थी, लोग धर्म जाति के बंधन से हट कर भी एक दूसरे की मदद कर रहे थे। नागपुर में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग ने Oxygen वाला बेड छोड़ दिया ताकि 40 साल के युवक की जान बचाई जा सके। मुझे नहीं लगता कि इससे बड़ा कोई त्याग हो सकता है और दो तीन दिन बाद उन बुजुर्ग की मृत्यु हो गई। यदि स्वर्ग है तो मुझे लगता है कि उनको सबसे ऊँचा स्थान मिला होगा। वो सभी डॉक्टर्स जो इस लड़ाई में सैनिक की तरह लड़ रहे हैं उन्हें हम जितना भी धन्यवाद दें कम है क्योंकि जैसे एक सैनिक को पता होता है कि किसी भी कोने से कोई भी गोली आ सकती है वैसे ही डॉक्टर्स जो कोरोना की ड्यूटी कर रहे हैं उन्हें भी पता है कि उन्हें भी ये वायरस कभी भी पकड़ सकता है और ये शत्रु तो अदृश्य है और इतना सूक्ष्म कि कोई भी सुरक्षा कवच तोड़ के घुस जाए। ऐसे डॉक्टर्स, नर्स व अन्य हॉस्पीटल कर्मी जो इस लड़ाई को लड़ रहे उनको हम सभी ताउम्र नमन करते रहेंगे।

ये जो लहर शुरू हुई तो सदमा सा लगा, समझ ही नहीं आया कि क्या करें और क्या ना करें? लेकिन, वो कहते हैं ना कि भगवान आपसे कुछ कराना चाहता है तो रास्ता भी बना देता है। मेरे पास सूरत के दानदाता श्री अरविन्द जी नांगलिया का फोन आया उन्होंने कहा कि इस लहर में हम Oxygen और वेंटिलेटर तो Arrange नहीं कर सकते लेकिन क्या आप लोग रोजगार खो चुके या परेशान लोगों के लिए कुछ कर रहे हैं? हम थोड़ा बहुत काम इस दिशा में कर रहे थे लेकिन परेशानी ये थी कि कोरोना के समय दान कम हो गया था तो हम वैसे ही तकलीफ में थे तो कैसे क्या करते? नांगलिया साहब ने एक अच्छी राशि दी और उस पूरी राशि से हमने मण्डी भेजकर अनाज मंगवाया और उसके किट बनाकर बंटवा दिए। जो टीमें किट बाँटने गईं उनको जो फीडबैक आया उस से लगा कि अभी बेहद जरूरत है इस तरह के राशन किटों की जिससे कि काम खो चुके लोगों को किसी का मोहताज ना होना पड़े।

( शेष अगले पृष्ठ पर )



दृष्टि को परिवर्तन करो तो सृष्टि स्वतः ही बदल जावेगी।




## अन्नदान योजना में खाद्य सामग्री वितरण के कुछ दृश्य

**( पिछले पृष्ठ से जारी )**

हमें भी लगा कि इस महामारी में हमारे हिस्से का काम मिल गया, जो बेबसी लग रही थी कि हम कुछ नहीं कर पा रहे वो नांगलिया साहब के एक फोन ने दूर कर दी। हम जुट गए उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद व लोनी (उ.प्र.) हर जगह किट बांटने में दानदाताओं से भी अपील की इस ''अन्नदान योजना'' में सहयोग देवें और लोगों ने खुलकर सहयोग देना भी शुरू किया। नांगलिया साहब को जब हमने फोटो भेजे तो उन्होंने दोबारा सहयोग भेज दिया। जब लोग जुड़ने लगे तो हमने सब जगह किट भी बढ़ा दिये और ये ''अन्नदान योजना'' चल पड़ी। 700 रु. का एक किट बन रहा है जिसमें गेहूँ 10 कि.ग्रा., चावल 2 कि.ग्रा., दाल 2 कि.ग्रा., शक्कर 2 कि.ग्रा., चायपत्ती 500 ग्राम है और ये जिन परिवारों को मिल रहा उन्हें फौरी राहत मिलने लगी।

आप भी ये सोचेंगे कि इतने से किट के क्या मायने हैं लेकिन जिनका काम छिन गया चाहे वो सड़क पर चादर डालकर जूते बनाने वाला हो या रिक्शा चलाने वाला या फुटपाथ पर एक कुर्सी लगा कर बाल काटने वाला, उन्हें अगर अगले 10–15 दिन के लिए थोड़ी राहत खाद्य सामग्री की ही मिल जाए तो जीवन आसान हो जाता है। यहाँ तक कि हमारे कॉल सेन्टर में काम करने वाली कुछ बेहद गरीब महिलाओं ने भी किट मांगा और हमने उन्हें भी दिया लेकिन इस बात का ध्यान रखा कि वाकई जरूरतमंद को यह मिले।

तारा संस्थान की यह योजना हम कम–से–कम अगले 3 महीने तक तो चलाएंगे ही क्योंकि लॉकडाउन खुल भी गया तो भी लोगों का जीवन सामान्य होने में अभी वक्त लगेगा और हमारी छोटी सी मदद अभी उनके लिए ईश्वर का प्रसाद होगी। मैं आपसे हाथ जोड़कर विनती करती हूँ कि आप भी इस योजना से जुड़ें। मुझे ये भी पता है कि अभी स्थितियाँ अच्छी नहीं हैं, काम धंधे भी सही नहीं चल रहे लेकिन थोड़ा–थोड़ा हम सब मिलकर करें तो भी काफी कुछ कर लेंगे।

हमारे बहुत से दानदाता इस काल में असमय चले गए और वे सभी करुणामय थे तभी तो तारा से जुड़े थे। उनका जाना हमारे लिए किसी सदमे से कम नहीं है लेकिन ईश्वर की इच्छा के आगे हमारा वश नहीं है उन सभी को तारा परिवार की ओर से श्रद्धांजलि।

🙏 🙏 **ॐ शांति** 🙏 🙏

**– कल्पना गोयल**

# अन्नदान योजना

( कोरोना के प्रभाव से निर्धन हुए परिवारों हेतु )

कोरोना महामारी की दूसरी लहर ने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है। इसके कारण कई लोगों का रोजगार चला गया और वे दो वक्त भोजन के मोहताज हो गए। तारा संस्थान ने फिर से गरीब परिवारों को राशन वितरण का बीड़ा उठाया है। आपका दिया 1 रु. का दान इनके लिए 100 रु. से ज्यादा कीमती है...

## अन्नदान किट (700 रु. प्रति किट)

गेहूँ 10 कि.ग्रा., चावल 2 कि.ग्रा., दाल 2 कि.ग्रा.,
शक्कर 2 कि.ग्रा., चायपत्ती 500 ग्राम

## आईए फोटो स्टोरी के माध्यम से समझते हैं इस अन्नदान योजना की पूरी प्रक्रिया को :



स्टोर रूम में खाद्य सामग्री के किट तैयार होते हुए



किट गाड़ी में लोड करते हुए




किट से भरी गाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में रवानगी को तैयार




एक जरूरतमंद को किट प्रदान करते हुए



अपकारी पर उपकार करना सीखो तो सत्कार मिलेगा।



आदिवासी क्षेत्र के परिवार को सामग्री देते हुए



शहरी क्षेत्रों में भी जरूरतमंद को खाद्य सामग्री किट देते हुए

# अन्नदान योजना से लाभान्वित कुछ निर्धन लोगों से परिचय




**श्री धनराज जटिया :** धनराज जी मण्डी में बोरियाँ सिलने का कार्य करते थे परन्तु पिछले तीन महीने से लॉकडाउन के चलते काम बंद है। ऊपर से इन्हें दोनों आँखों में दिखना लगभग बंद हो गया था – सिर्फ 5 प्रतिशत ही दिखाई दे रहा था। तो ये तारा नेत्रालय में ऑपरेशन के लिए आए। सफल ऑपरेशन के पश्चात् जब हमने बातचीत की तो बड़ी मुश्किल भरी जिन्दगी की कहानी सामने आई। धनराज जी को 13 वर्ष की उम्र में यहीं छोड़कर माँ–बाप कहीं चले गए तब से ये अकेले हैं, कोई भाई बहन नहीं है। इन्होंने शादी की लेकिन पत्नी बहुत बीमार रहती थी। बहुत ईलाज करवाया जिसमें काफी पैसा खर्च हुआ। पर बदकिस्मती से जब पत्नी स्वस्थ हो गई तो वह इन्हें छोड़कर चली गई। धनराज जी अब अकेले है जैसे–तैसे मण्डी में काम कर गुजारा चला रहे थे परन्तु 3 महीने से काम बंद है। कमरे का किराया बाकी है पर मकान मालिक दयालु हैं वह खाने को दे देते हैं। धनराज जी की ऐसी दयनीय स्थिति देख तारा संस्थान ने उन्हें तुंरत अपनी अन्नदान योजना के अन्तर्गत उन्हें राशन किट दिया तो उनकी आँखों से आंसू छलक पड़े और बहुत–बहुत आभार व्यक्त किया।




## राशन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद

**अमरा जी :** अमरा जी उदयपुर के निकटवर्ती गाँव से हैं, वे कारीगर है और कहते हैं कि कोई 10–15 दिन से काम बन्द है (लॉकडाउन के कारण), काम मिल ही नहीं रहा है। घर में चार सदस्य है तो खाने–पीने की थोड़ी बहुत व्यवस्था की है और इधर–उधर से करनी पड़ेगी। घर खर्च में काफी परेशानी आ रही है। अमरा जी कहते हैं कि तारा संस्थान ने ये जो खाने की सामग्री प्रदान की है यह बहुत बढ़िया हुआ, बहुत–बहुत धन्यवाद।

## तारा संस्थान को दिल से आशीर्वाद

**श्रीमती कंकु बाई :** वृद्धा कंकु बाई के पति की मृत्यु हो चुकी है एक पुत्री थी वह विवाहित है। कंकु बाई घर में अकेली रहती है एवं वृद्धावस्था के कारण कोई मजदूरी भी नहीं कर पाती है। खाने–पीने का सामान उनकी पुत्री दे जाती है बाकी सब राम भरोसे चल रहा है। कंकु बाई ने राशन किट प्राप्त करने पर तारा संस्थान को दिल से आशीर्वाद दिया।






## हम आभारी हैं

**श्री बलविन्दर सिंह :** बलविन्दर सिंह के घर में पत्नी और बच्चे हैं, ये केटरिंग का मटिरियल सप्लाई का कार्य करते हैं लेकिन लॉकडाउन के कारण यह व्यवसाय पूरी तरह ठप्प पड़ा हुआ है। कोई अन्य काम धंधा भी नहीं मिल पा रहा है। कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं। ऊपर से एक टांग टूटी हुई है। बलविन्दर सपतीन तारा नेत्रालय में जाँच हेतु आए और यह पता चला कि लॉकडाउन से प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री दी जा रही है तो उन्होंने भी अपनी परेशानी बताई। तारा संस्थान ने उन्हें राशन किट दिया इस हेतु वे आभारी हैं।

## राशन किट देने हेतु धन्यवाद

**श्रीमती धन्नी बाई :** धन्नी बाई कमठान का काम करती है पर लगभग 2 महीने से काम नहीं मिल रहा है। बिना काम घर पर ही बैठे रहती है नहीं मिले तो क्या करें। पति की मृत्यु हो चुकी है और एक पुत्र है पर वह काम नहीं करता है। खाने–पीने की बहुत परेशानी है दो महीने से। पहले काम मिलता था तो रोज का खर्चा निकल जाता था अब इधर–उधर या उधार से राशन की व्यवस्था करनी पड़ती है। धन्नी बाई तारा संस्थान से दिए गए राशन किट हेतु धन्यवाद अर्पित करती है।





यह संसार हार–जीत का खेल है, इसे नाटक समझकर खेलो।



## बहुत-बहुत आभार आपका

**हुक्मा जी :** हुक्मा जी कारखाना मजदूर है लेकिन आज काम नहीं मिला है। वे कहते हैं कि महीने में 8–10 दिन ही बमुश्किल काम मिल पा रहा है जबकि घर में 7–8 लोग हैं और कमाने वाले वे स्वयं अकेले हैं। घर में खाने–पीने के सामान की पूरी व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इस स्थिति पर तारा संस्थान ने उन्हें खाद्य सामग्री का किट दिया। हुक्मा जी ने कहा बहुत–बहुत आभार आपका।

## आप लोग जुग जुग जिएँ

**साबू बाई :** श्रीमती साबू बाई व उनके पति दोनों कमठान का काम करते है लेकिन 2–3 महीने से कुछ काम नहीं है। घर में कमाने वाला और कोई नहीं है। पुत्रियाँ थी उनकी शादी हो गई हैं। अब पति पत्नी दोनों अकेले घर में ही रह गए, लॉकडाउन के कारण बाहर से कोई काम नहीं मिल रहा है। भगवान भरोसे जी रहे हैं और मिर्च के साथ रोटी खाकर गुजार कर लेते हैं। तारा संस्थान ने जब उन्हें राशन का सामान दिया तो साबू बाई ने जुग–जुग जीने का आशीर्वाद दिया।



## देश के अन्य शहरों में भी अन्नदान योजना वितरण



दिल्ली




फरीदाबाद




लोनी ( गाजियाबाद )



मुम्बई




श्री ओमप्रकाश जी मल्होत्रा ( फरीदाबाद ), संरक्षक, तारा संस्थान

तारा संस्थान के संरक्षक व प्रमुख दानदाता श्री ओमप्रकाश जी मल्होत्रा (फरीदाबाद) ने भी अपने कर कमलों से जरूरतमंद व्यक्ति परिवारों को अन्नदान योजना के अन्तर्गत खाद्य सामग्री वितरीत की।

## अन्नदान योजना से कुछ लाभान्वितों की एक झलक :





भगवान की याद ही पाप कर्मों से बचाने वाली है।

# टाटा ग्रुप कंपनी उचित एक्सप्रेसवे प्रा. लि. ने सीएसआर के अंतर्गत तारा संस्थान को दान दिया




टाटा ग्रुप की उदयपुर चित्तौड़ हाईवे की निर्माण कंपनी ने सीएसआर के अंतर्गत तारा संस्थान को दिया। दान टाटा ग्रुप की कंपनी उचित एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड एवं तारा संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित आनन्द वृद्धाश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए उचित एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड जो उदयपुर चित्तौड़ हाईवे के निर्माण में संलग्न हैं ने तारा संस्थान के तारा नेत्रालय हेतु माइक्रोस्कोप, ऑटोरेफ और चेयर यूनिट मशीनें जिनकी कीमत 14,62,600 रु. दान की। साथ ही तारा संस्थान के आनंद वृद्धाश्रम हेतु 240 बेडशीट, 120 कंबल, 20 कूलर, 120 चद्दर दान किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में **नेशनल हाईवे अथॉरिटी के निर्देशक श्री लोकेश राजपुरोहित** ने कहा कि तारा संस्थान बुजुर्गों की सेवा का कार्य कर समाज के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहा है। **टाटा रियलिटी के चीफ प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री मोहित वर्मा** ने कहा कि टाटा ग्रुप की कई वर्षों से परंपरा रही है कि हमारी कंपनी को जो मुनाफा होता है उसका कुछ भाग गरीबों और निर्धनों की सेवा में समर्पित किया जावे! इसी के तहत आज हमने तारा संस्थान का चयन किया है। **उचित एक्सप्रेस वे के मुख्य कार्यकारी ऑफिसर श्री नागराज** ने बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि कंपनी उत्तरोत्तर प्रगति करती रहे और उससे होने वाली आय से अधिक से अधिक निःसहाय लोगों की सेवा कर सके। **कंपनी सिस्टम हेड श्री आशीष मिश्रा** ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि हम इस सेवा के लिए माध्यम बन रहे हैं ! इस अवसर पर तारा संस्थान के बुजुर्गों को कुल सामान की राशि का प्रतीकात्मक चेक कुल 17,53,600 रुपए का भेंट किया गया।


वृद्धाश्रम हेतु दान सामग्री



अधिकारी सम्बोधित करते हुए


एक अन्य अधिकारी बातचीत करते हुए


कम्पनी के अधिकारीगण आश्रम के दौरे पर

**श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम, उदयपुर के नए आवासी :**

## तारा संस्थान का कार्य बेमिसाल है : श्री गोविन्द सिंह



श्री गोविन्द सिंह : 74 वर्षीय श्री गोविन्द सिंह पिछले 3–4 वर्ष से सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी से रिटायर्ड होकर अपने घर (कुशलपुरा, जिला राजसमन्द) में अकेले रह रहे थे। उनकी पत्नी 25 वर्ष पहले ही गुजर गई थी और कुछ समय पूर्व एकमात्र पुत्र भी बीमारी से चल बसा। घर में कोई नहीं जो मदद कर दे। गोविन्द जी उम्र दराज होने के कारण ढंग से चल फिर भी नहीं पाते तो घरेलू काम करना तो दूर की बात है। कुछ समय पहले उन्हें तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रम के बारे में पता चला तो यहाँ प्रवेश ले लिया। श्री गोविन्द सिंह जी के अनुसार अब उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। खाना–पीना समय पर मिल जाता है। कपड़े धूल जाते हैं। स्वास्थ्य जाँच समय–समय पर होती रहती है और यहाँ पर हमउम्र संगी साथी मिल गए हैं जिनके साथ घूमना फिरना, गप्पे लगाना व एक दूसरे के सुख–दुःख में काम आना जैसी क्रिया कलापों से समय अच्छा व्यतित हो जाता है। श्री गोविन्द सिंह जी कहते हैं कि इस कलियुग में कोई किसी के लिए कुछ नहीं करता लेकिन तारा संस्थान का कार्य बेमिसाल है। इनके कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है।

| आनन्द वृद्धाश्रम सेवा (प्रतिबुजुर्ग) | | | वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन 3500 रु. (एक समय) |
|---|---|---|---|
| 01 वर्ष 60000 रु. | 06 माह 30000 रु. | 01 माह 5000 रु. | |

**गौरी योजना :**

## मेरा बच्चा बड़ा हो जाए तब तक मदद जारी रखें : श्रीमती कंकु पटेल



कोई 2 साले पहले कंकु के पति खेतों पर फसल को पानी दे रहे थे कि अचानक एक धमाके के साथ पानी का पम्प फट कर उनके पति को बुरी तरह जख्मी कर दिया और उनकी मृत्यु हो गई। कंकु पटेल मात्र 26 वर्ष की आयु में अपने एक 4 वर्षीय पुत्र के साथ अकेली पड़ गई। सास–ससुर तो थे नहीं देवरानी व जेठानी अपने पतियों के साथ अलग रहते हैं। अब कंकु का कोई सहारा नहीं रहा। जब पति थे तो कंकु को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी, वे उसे बहुत अच्छे से रखते थे एवं सारी जरूरतें पूरी करते थे परन्तु अब कंकु को कौन सम्हालेगा? कंकु का पुत्र अब 6 वर्ष का हो गया है और स्कूल जाने लगा है कंकु पटेल अपने पुत्र को पढ़ाना चाहती है मगर स्कूल की फीस कैसे भरे? ऊपर से कभी–कभार बीमारी में दवाई आदि का खर्चा भी आ जाता है तो खुद की कोई कमाई तो है नहीं फिर ये सब खर्चे कहाँ से उठाए? ऐसी स्थिति में तारा संस्थान ने कंकु के बैंक खाते में रु. 1000 प्रतिमाह डालने आरम्भ कर दिए हैं अपनी गौरी योजना के अन्तर्गत। श्रीमती कंकु पटेल कहती है इस मासिक पेंशन से उसे काफी राहत मिली है। बच्चे की स्कूल फीस की समस्या थी वो हल हो गई है। वह अनुरोध करती है कि जब तक उसका छोटा बच्चा बड़ा न हो जाए तब तक दानदाता व तारा संस्थान उसको मदद जारी रखें, धन्यवाद।

**गौरी योजना सेवा (प्रति विधवा महिला सहायता) 01 वर्ष - 12000 रु., 06 माह - 6000 रु., 01 माह - 1000 रु.**

**तृप्ति योजना / तारा नेत्रालय :**

## ''आप लोगों ने न सिर्फ मेरी आँखों की रोशनी लौटाई बल्कि राशन का भी इंतजाम कर दिया''



रेलमगरा (उदयपुर) निवासी श्री छोगा लाल ने विगत दिनों तारा नेत्रालय उदयपुर में मोतियाबिन्द का ऑपरेशन करवाया था तो हमने उनसे ऑपरेशन पश्चात् स्थिति की जानकारी के लिए बात की। वे संतुष्ट थे कि उनका ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क एवं सफल हो गया था। फिर बातों बातों में उनके परिवार आदि की जानकारी मिली जो बड़ी ही दयनीय थी। छोगा लाल जी पत्नी पिछले 5 वर्षों से बीमार होकर बिस्तर में ही है एवं उनका इकलौता पुत्र मानसिक रूप से कमजोर है। तो छोगा लाल जी का सारा समय पत्नी और बच्चे की देखभाल में ही निकल जाता है। पहले मजदूरी करने जाते थे पर जबसे पत्नी बीमार हुई है तो कमाई का कोई जरिया ही नहीं बचा है। रिश्तेदार या गाँव वाले थोड़ी बहुत मदद कर देते है जिससे परिवार के तीनों सदस्य जीवित हैं। लेकिन भविष्य फिर भी अधर में है। जब तारा संस्थान को छोगा लाल जी की ऐसी स्थिति का खुलासा हुआ तो, संस्थान अध्यक्ष ने तुरंत अपनी अन्नदान योजना के अन्तर्गत भोजन सामग्री के 2 किट तुरंत दिलवाएँ। इसके अतिरिक्त श्री छोगा लाल जी की तारा संस्थान ने अपनी ''तृप्ति योजना'' में शामिल करके मासिक राशन व रु. 300/– उनके द्वार पर पहुँचाने की व्यवस्था कर दी।

**तृप्ति योजना सेवा (प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता) 01 वर्ष - 18000 रु., 06 माह - 9000 रु., 01 माह - 1500 रु.**



इच्छायें रखने वाला कभी अच्छा कर्म नहीं कर सकता है।

# मुम्बई के ख्यात डॉक्टर्स द्वारा रेटिना (आँखों के पर्दे) परामर्श



- यदि आपकी उम्र 35 वर्ष से ऊपर है।
- यदि आपको या आपके परिवार में किन्हीं को डायबिटिज (शुगर) की बीमारी है।
- तो डायबिटिज से रेटिना खराब हो सकता है और आँख हमेशा के लिए खराब हो सकती है।
- रेटिना को सही रखना है तो बचाव ही सबसे सही ईलाज है।
- तारा नेत्रालय में मुम्बई के सबसे बड़े नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलीन कोठारी की संस्थान ''विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया'' (Vision Foundation of India) के कार्यक्रम शुगर एंड साइट (Sugar and Sight) के माध्यम से रेटिना की निःशुल्क जाँच की जाएगी और मुम्बई के डॉक्टर्स द्वारा परामर्श दिया जाएगा।
- कृपया योजना का लाभ उठायें।
- जाँच के लिए रिसेप्शन पर सम्पर्क करें।

**कोई भी सज्जन जो आँखों के पर्दे की समस्याओं से पीड़ित है वह निम्न नंबर पर संपर्क कर सकते हैं : 95493 99993, 96493 99993**

व्यवस्थापक
**तारा नेत्रालय**

---

## प्रिंटेड रसीद छोड़े, वृक्ष बचाएँ

**इस धरा के एक जिम्मेदार वासी होने के कारण हम सभी का उत्तरदायित्व है कि पर्यावरण रक्षा हेतु प्रयत्न करें। यदि आपको रसीद की प्रिंट नहीं चाहिए तो कृपया इस नम्बर 9549399993, 9649399993 पर सूचित करें। एक कागज बचाने से भी हम कुछ वृक्षों को बचा ही सकते हैं। आपका और हमारा छोटा सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए अति उपयोगी सिद्ध होगा।**

अपने मोबाइल से स्कैन कर हाथों हाथ सहयोग भेजें।

UPI
UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

## कृपया आपश्री सहमति पत्र के साथ अपना सहयोग भेजें

**आदरणीय अध्यक्ष महोदया,**

मैं (नाम) .................................................. सहयोग मद/उपलक्ष्य में/स्मृति में ..................................................
संस्थान द्वारा संचालित सेवा कार्यों में रुपये .......................... का केश/चैक/डी.डी. नम्बर ..................................................
दिनांक ........................... से सहयोग भेजने की सहमति प्रदान करता / करती हूँ।
मेरा पता (नाम) .................................................. पिता (नाम) ..................................................
निवास पता ..................................................
लेण्ड मार्क ................................ जिला ........................ पिन कोड ........................ राज्य ........................
फोन नम्बर घर/ ऑफिस ........................ मो.नं. ........................ ई–मेल ........................

**तारा संस्थान, उदयपुर के नाम पर दान-सहयोग प्रदान करें।**

**हस्ताक्षर**

# तारा संस्थान उदयपुर के नवीन ओमदीप आनंद वृद्धाश्रम निर्माण की प्रगति रिपोर्ट

दिनांक 11 जून, 2020 को भूमि पूजन के साथ ही प्रस्तावित नवीन ओमदीप आनंद वृद्धाश्रम के निर्माण में उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। सर्वप्रथम भूमि पूजन उसके पश्चात् नींव डालना और इसी प्रकार पिलर, छत भराई आदि के कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। नीचे के फोटो में देखिए कि अब तक इस भवन के निर्माण में कितनी प्रगति हुई है।





**तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की निरंतर भोजन सेवा, चिकित्सा हेतु भविष्य निधि (Corpus Fund) में सहयोग देवें।**



## ''आनन्द वृद्धाश्रम भविष्य निधि योजना''

| वृद्धजन सहयोगी ''शांति'' | वृद्धजन सहयोगी ''शक्ति'' | वृद्धजन सहयोगी ''आस्था'' |
|---|---|---|
| रु. 1,00,000/- | रु. 51,000/- | रु. 21,000/- |

**(आपके सहयोग की ब्याज राशि से वृद्धाश्रम के कार्य चलायमान रहेंगे।)**



शुद्ध संकल्प हमारे जीवन का अनमोल खज़ाना है।

29.03.2021



श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में होली महोत्सव की मस्ती में वृद्धाश्रम आवासी

05.04.2021



तारा संस्थान के दानदाता श्री एस.पी. कालडा, निवासी – उत्तम नगर, नई दिल्ली ने संस्थान के श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रम में पधार कर अपना जन्म दिवस वृद्धाश्रम वासियों के साथ में मनाया।

13.04.2021





चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सुबह 10.00 बजे से श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रम में अखण्ड रामायण पाठ शुरू किया गया जिसमें समस्त आवासियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन 21 अप्रेल, 2021 शाम को हुआ।

03.05.2021





तारा संस्थान के उदयपुर, फरीदाबाद और प्रयागराज स्थित आनंद वृद्धाश्रमों में लगभग सारे बुजुर्गों का कोरोना टीकाकरण हो चुका हैं।

**07.05.2021**



**हार्दिक श्रद्धांजलि :** श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रमवासी श्री भेरू लाल जी जैन का 84 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया है। सम्पूर्ण तारा संस्थान परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करे, यही हमारी प्रार्थना है।

**12.05.2021**




तारा संस्थान के उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद व लोनी स्थित तारा नेत्रालयों में ''अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस 2021'' बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इन कोरोना योद्धाओं की सराहना की गई व उन्हें सम्मानित किया गया।

**21.05.2021**




तारा संस्थान संचालित ओमदीप आनंद वृद्धाश्रम ने बुजुर्गों की सेवा के 4 वर्ष पूर्ण कर लिए। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों ने श्री ओम प्रकाश जी मल्होत्रा व (स्व.) श्रीमती दीपाजी मल्होत्रा को धन्यवाद अर्पित किया तथा केक काटा, मिठाइयाँ वितरीत की और गीत संगीत का लुत्फ़ लिया।

**08.05.2021**



ये लावारिस व बीमार अवस्था में पाए गए थे। इनका नाम श्री प्रेम शंकर जी हैं और ये चित्तौड़गढ़ से अपने घुटनों का इलाज़ करवाने उदयपुर आए थे। जो कोई भी इनके मित्र अथवा रिश्तेदार जानकारी पाना चाहे तो संपर्क करे : श्री पार्थ शर्मा, व्यवस्थापक, श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रम, उदयपुर मो. नं. 7821055720




तारा संस्थान के संरक्षक श्री सत्य भूषण जैन के बड़े भाई साहब के निधन पर तारा परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।



मन को शीतल, मुख को मृदु बनाओ।

# मोतियाबिन्द जाँच - ऑपरेशन हेतु चयन शिविर

तारा संस्थान द्वारा निर्धन वृद्ध बन्धुओं की आँखों में सामान्यतः पाये जाने वाले मोतियाबिन्द के निदान और ऑपरेशन हेतु चयन के लिए शिविर आयोजित किये जाते हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं की स्थिति अधिक ही पीड़ादायक है, क्योंकि प्रथम तो उन्हें मोतियाबिन्द–ऑपरेशन की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं है एवं द्वितीय, निर्धनता उनकी चिकित्सा में बड़ा अवरोधक है। तारा संस्थान ने ऐसे निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद व लोनी (गाजियाबाद) स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित हैं।

## दानदाताओं के सौजन्य से माह अप्रैल – मई 2021 में आयोजित शिविरों का संक्षिप्त विवरण

### तारा नेत्रालय – उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद व लोनी में आयोजित शिविर :

**सौजन्यकर्त्ता : शार्प प्लाई इंडिया प्रा.लि. – बैंगलोर**

**रेश्मा जी गाँधी – मुम्बई,**

**सुमन मित्तल, दिलीप मित्तल, यश मित्तल एवं चिराग मित्तल – फरीदाबाद**

# कल्याणी योजना :

**कोरोना महामारी के दौरान विधवा हुई निराश्रित महिलाओं हेतु**

## मदद राशि रु. 2500 प्रतिमाह



तारा संस्थान द्वारा कोरोना महामारी के दौरान विधवा हुई निराश्रित महिलाओं की मदद हेतु कल्याणी योजना बनाई गई है।

योजना की पात्रता एवं अन्य विवरण :

- महिला की अधिकतम उम्र 45 वर्ष
- महिला के पति की मृत्यु कोरोना महामारी से हुई हो (मृत्यु प्रमाण पत्र आवश्यक)
- महिला के परिवार में कोई अन्य कमाऊ सदस्य ना हो
- महिला के बच्चे छोटी उम्र के होकर कमाने लायक ना हों

**मो. नं. 95493 99993, 96493 99993**

## Our Preraks हमारे प्रेरक

**Mr. Ravi Sankar Arora**
H. No. 4/1461, Gali No. 2, Shalimar Park, Shahdra, Delhi-32
Mob. 9810774473

**Mrs. Parmod Mehra - Mr. Amrish Mehra**
Flat No. 801 A Block Platinum Height, Sec 8 Ramprastha Green Vaishali Ghaziabad (U.P.) 201010, Mob. 8368658437, 9313363757

**Mrs. Kumud Sharma**
B-30, Maunt Everest Society, Plot No. 17, Sec-9, Dwarka, New Delhi-77
Mob. 9810547565

**Mrs. Chander Kwatra / Mrs. Durga Grover**
WZ-1881, G Floor, Multani Mohlla, Rani Bagh, Near Krishna Mandir, Delhi-3
Mob. 9811387881, 8882922220

**Mr. Raju Agarwal**
TA-115, Okhla Main Road, Tughlakabad Extn., New Delhi-19
Mob. 7042188760, 9212116576

**Mrs. Harsh Arya**
A-140, G. Floor, Sarswati Vihar, Delhi-110034
Mob. 8920727218

**Mr. Tej Ram Saini / Mr. Bhoop Singh Saini**
Plot No. 649, Gali No. 1, Saini Vihar, Mundka, New Delhi- 110041
Mob. 9990925858, 8700460958

**संबंधित क्षेत्र में सहयोग देने हेतु आप उपरोक्त फोन पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

**Thanks :**

## NAMES AND PLACES OF THE DONORS WE ARE GRATEFUL OF

**Donors are requested kindly to send their photographs along with donation for publishing in TARANSHU**



Mrs. Sunita - Mr. Arun Sharma
Jaipur (Raj.)



Mr. Jeeto Prasad - Mrs. Shashi Jain
Delhi



Mrs. & Lion Manik Chand Agrawal
Junagarh, Kalahandi (Odisha)



Mr. Ras Bihari - Mrs. Geeta Khrey
Chhattisgarh



Mrs. Vijaya Rani Verma
Hoshangabad (MP)



Lt. Mr. Datar Ram Odesi
(A.S.P.)
Jaipur (Raj.)



Mr. Tejpal Singh
Meerut (UP)



Mr. Mohan Lal Garg
Chandigarh



Mrs. Mrudula B. Bhagat
Borivali (E) Mumbai

## 'तारा परिवार का सौभाग्य कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया'



श्री बी.के. भण्डारी - श्रीमती उषा भण्डारी
सोनीपत ( हरि. )



## हार्दिक शुभकामनाएँ

सुश्री कंचन कुमारी पुत्री श्री तेजराम गमेती
गाँव - कोड़ियात, उदयपुर के जन्मदिवस
8 मई, 2021 पर शुभकामनाएँ

## हार्दिक श्रद्धांजलि

**तारा संस्थान के निम्न वर्णित दानदाताओं का स्वर्गवास हो गया। तारा संस्थान की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति व उनके परिवार को सम्बल प्रदान करें।**



स्व. श्रीमती चन्द्रकांता जी
पति श्री महेश जी गहलोत
बड़ौदा ( गुज. )
( स्वर्गवास 26.04.2021 )



स्व. श्री बिपिन चन्द्र जी
पिता श्री बालू भाई शाह
मुम्बई
( स्वर्गवास 30.1.2021 )



स्व. श्रीमती कमला देवी जी
पति श्री जगदीश चन्द्र जी जांगड़ा
हांसी ( हिसार )
( स्वर्गवास 20.04.2021 )



स्व. श्री बजरंग जी बंसल
( प्रेरक, तारा संस्थान )
खरसिया ( छ.ग. )
( स्वर्गवास 01.06.2021 )



स्व. श्रीमती राममूर्ति जी गुप्ता
पति स्व. श्री राजाराम जी गुप्ता
कानपुर ( उ.प्र. )
( स्वर्गवास 24.04.2021 )




स्व. श्री नवल किशोर जी माथुर
प्रयागराज ( उ.प्र. )
( स्वर्गवास 29.04.2021 )



स्व. श्री विनोद शंकर जी गुप्ता
नागपुर ( महा. )
( स्वर्गवास 29.04.2021 )



स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जी शर्मा
पिता श्री प्रकाश नारायण जी शर्मा
मुम्बई ( महा. )
( स्वर्गवास 17.03.2020 )



स्व. श्री रमेशचन्द्र जी शर्मा
बीकानेर ( राज. )
( स्वर्गवास 03.05.2021 )



सत्य बोलो, मधुर बोलो, कम बोलो और स्वमान से बोलो।

## AREA SPECIFIC TARA SADHAKS

**Gopal Gadri**
Area Delhi
Cell : 07821855741

**Sanjay Choubisa**
Area Delhi
Cell : 07821055717

**Amit Sharma**
Area Delhi
Cell : 07821855747

**Ramesh Yogi**
Area Lucknow (UP)
Cell : 07821855739

**Narayan Sharma**
Area Hyderabad
Cell : 07821855746

**Vikas Chaurasia**
Area Jaipur (Raj.)
Cell : 09983560006

**Kailash Prajapati**
Area Mumbai
Cell : 07821855738

**Deepak Purbia**
Area Punjab
Cell : 07821055718

**Krishna Gopal Yadav**
Area Jodhpur, Kanpur
Cell : 07412051606

**Rameshwar Jat**
Area Gurgaon, Faridabad
Cell : 07821855758

**Santosh Sharma**
Area Mumbai
Cell : 07821855751

**Mukesh Gadri**
Area Noida, Ghaziabad
Cell : 07821855750

**Kamal Didawania**
Area Chandigarh (HR)
Cell : 07821855756

**Prakash Acharya**
Area Surat (Guj.)
Cell : 07821855726

**Dilip Kumar Choubisa**
Area Ahmedabad, Ratlam
Mandsaur, Neemuch
Cell : 07821855745

## 'TARA SANSTHAN' - PRERAKS

Shri Prem Sagar Gupta
**Mumbai**
Cell : 09323101733

Shri Dinesh Taneja
**Bareilly (U.P.)**
Cell : 09412287735

Shri Anil Vishvnath Godbole
**Ujjain (M.P.)**
Cell : 09424506021

Shri Vishnu Sharan Saxena
**Bhopal (M.P.)**
Cell : 09425050136, 08821825087

Smt. Rani Dulani
10-B/B, Viceroy Park, Thakur Village,
**Kandiwali (W), Mumbai** 400 101, Cell : 09029643708

## TARA SANSTHAN BANK ACCOUNTS

| | | |
|---|---|---|
| ICICI Bank (Madhuban) | A/c No. 004501021965 | IFSC Code : icic0000045 |
| State Bank of India | A/c No. 31840870750 | IFSC Code : sbin0011406 |
| IDBI Bank | A/c No. 1166104000009645 | IFSC Code : IBKL0001166 |
| Axis Bank | A/c No. 912010025408491 | IFSC Code : utib0000097 |
| HDFC Bank | A/c No. 12731450000426 | IFSC Code : hdfc0001273 |
| Canara Bank | A/c No. 0169101056462 | IFSC Code : cnrb0000169 |
| Central Bank of India | A/c No. 3309973967 | IFSC Code : cbin0283505 |
| Punjab National Bank | A/c No. 8743000100004834 | IFSC Code : punb0874300 |

## DONORS KINDLY NOTE

It you do not get any response from any of the above mentioned Mob. numbers, Kindly inform us at Mobile No. **09549399993 and / or 09649399993**

## INCOME TAX EXEMPTION ON DONATIONS

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G of I.T. Act. 1961 at the rate of 50%

Donation to **"TARA SANSTHAN"** may be sent by cheque/draft drawn in favor of Tara Sansthan, payable at Udaipur, OR may be remitted direct into any of the following Bank Accounts, with caopy of pay-in-slip and Donor's address to Tara Sansthan, Udaipur for expediting Donation Acknowledgment Receipt

## FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries VIDE Registration No. 125690108

## HUMANITARIAN ENDEAVORS OF TARA SANSTHAN

### Shri Sachin Bhatia Eye Hospital (Under Tara Netralaya - Udaipur)
236, Hiran Magari, Sector 6, Udaipur (Raj.)
313002, Mob. No. 7821855749

### Tara Netralaya - Delhi
371, Main Najafgarh Road, Opposite Metro
Pillar No. 724, Nawada, Uttam Nagar,
New Delhi 110059
Mob. No. 9560626661

### Tara Netralaya - Mumbai
Unit No. 1408/7, 1st Floor, Israni Indl.
Estate, Penkarpara, Nr. Dahisar Check-post,
Meera Road, Thane - 401107 (Maharashtra)
Phone No. 022-28480001,
Mob. No. 7821855748

### Tara Netralaya - Faridabad
Bhatia Sewak Samaj (Regd.), N.H. - 2, Block - D,
N.I.T., Faridabad - 121001 (Haryana)
Phone No. 0129-4169898,
Mob. No. 7229852220

### Tara Netralaya - Loni
Pt. Munshilal-Draupadi Devi Free Eye Hospital
Plot No: 78-79, Shiv Vihar Coloney,
Near Mokshdham Mandir, Chirodi Road,
Banthla Loni, Gaziabad (U. P.)
Mob. No. 7821855757

### Smt. Krishna Sharma Anand Vrudhashram - Udaipur
#344/345, Hiran Magri, (In the lane of
Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House)
Sector – 14, J-BLock, Udaipur - 313001 (Raj.)
Mob. 7821055720

### Tara Sansthan Rajkiya Vruddhashram
100ft. Road, Om Banna Road, Opp. Hyundai
Show Room, South Extension, Balicha,
Udaipur (Raj.) - 313001
Mob. 7229852229

### Ravindra Nath Gaur Anand Vrudhashram - Prayagraj
25/39, L.I.C. Colony, Tagor Town, Prayagraj -
211022 (U.P.), Mob. 7821855755

### Om Deep Anand Vrudhashram - Faridabad
866, Sec - 15A, Faridabad - 121007
(Haryana) Mob. No. 7821855758

### Shikhar Bhargava Public School
H.O. Bypass Road, Gokul Village,
Sector - 9, Udaipur - 313002 (Raj.)
Mob. No. 9636016973

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक, जून - जुलाई 2021
प्रेषण तिथि : 11-17 प्रति माह
प्रेषण कार्यालय का पता : मुख्य डाकघर, चेतक सर्कल, उदयपुर

समाचार पत्र पंजीयन सं. : RAJBIL/2011/42978
डाक पंजीयन क्र. : आर.जे./यू.डी./29-102/2021-2023
मुद्रण तिथि : 9 प्रतिमाह

# तारा संस्थान के निःशुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग - सौजन्य राशि

## सहयोग राशि

आजीवन संरक्षक 51000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छितदिनांक को प्रतिवर्ष 2 मोतियाबिन्द ऑपरेशन
आजीवन सदस्य 21000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 1 मोतियाबिन्द ऑपरेशन ( संचितनिधि में )

---

## नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 51000 रु., 09 ऑपरेशन - 27000 रु., 06 ऑपरेशन - 18000 रु.,
03 ऑपरेशन - 9000 रु., 01 ऑपरेशन - 3000 रु.

---

## अन्नदान योजना ( तृप्ति ) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता

01 वर्ष - 18000 रु., 06 माह - 9000 रु., 01 माह - 1500 रु.

---

## विधवा सहायता योजना ( गौरी ) प्रति विधवा महिला सहायता

01 वर्ष - 12000 रु., 06 माह - 6000 रु., 01 माह - 1000 रु.

---

## आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग )

01 वर्ष - 60000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 माह - 5000 रु.

---

## वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन 3500 रु. ( एक समय )

---

'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

'पारस' रात्रि 7:40 से 8:00 बजे

'आस्था भजन' रात्रि 8:00 से 8:20 बजे

---

**निवेदन :** कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, **अथवा :** अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

| | | |
|---|---|---|
| ICICI Bank (Madhuban) | A/c No. 004501021965 | IFSC Code : ICIC0000045 |
| State Bank of India | A/c No. 31840870750 | IFSC Code : SBIN0011406 |
| Axis Bank | A/c No. 912010025408491 | IFSC Code : UTIB0000097 |
| HDFC | A/c No. 12731450000426 | IFSC Code : HDFC0001273 |
| Punjab Nationa Bank | A/c No. 8743000100004834 | IFSC Code : PUNB0874300 |
| Pan Card No. | TARA - AABTT8858J | |

बुक पोस्ट

TARA SANSTHAN
तारा संस्थान
डीडवाणिया ( रतनलाल ) निःशक्तजन सेवा सदन,
236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. नं. : +91 95493 99993, +91 96493 99993
Email : info@tarasansthan.org, donation@tarasansthan.org
Website : www.tarasansthan.org